प्रेस नोट थाना तिवारीपुर, जनपद गोरखपुर दिनांक 08.03.2026

ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित आवेदक के कुल ₹ 2,00,000/- रुपए वापस दिलाया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह थाना तिवारीपुर के नेतृत्व में, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव व उपनिरीक्षक हिमांशु शेखर मय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी एवं धोखाधड़ी में गयी कुल धनरीशि ₹ 2,00,000/- रुपए (दो लाख रूपये) आवेदक के खाते में वापस कराया गया है।

विवरण-

आवेदक के साथ यूपीआई (UPI) के माध्यम से धोखाधड़ी हुई थी, जिसके संबंध में थाना तिवारीपुर की साइबर टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से धोखाधड़ी की गई राशि के संबंध में संबंधित बैंकों और वित्तीय संस्थानों (जैसे बजाज फाइनेंस लिमिटेड) से संपर्क किया गया एवं झूठे वादों का प्रलोभन देने वालों पर कार्यवाही करते हुए सभी अकाउंट और मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराया गया, तथा पुलिस के प्रयासों के फलस्वरूप, आवेदक की पूरी धनराशि 2 लाख रुपए सुरक्षित वापस करा दी गई है।

अपील-

गोरखपुर पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल NCRP हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

साइबर टीम तिवारीपुर-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री पंकज कुमार सिंह
2. अतिरिक्त निरीक्षक श्री गजेंद्र बहादुर सिंह
3. वरिष्ठ उप निरीक्षक श्री राजवीर सिंह
4. साइबर नोडल उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव
5. उपनिरीक्षक हिमांशु शेखर साइबर सदस्य
6. मुख्य आरक्षी शैलेंद्र कुमार यादव
7. महिला आरक्षी रागिनी वर्मा